जे0पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में परीक्षा पे चर्चा 2025 छात्रों को लाईव दिखाया गया।

आज दिनांक 10.02.2025 को जे0पी0 कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रागंण में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के परीक्षा पे चर्चा 2025 कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र–छात्राओं के बीच लाईव दिखाया गया। यह सत्र छात्रों के लिए अत्यधिक लाभदायक रहा। माननीय प्रधानमंत्री जी के द्वारा प्राणायाम के माध्यम से एकाग्रचित होने के बारे में जो विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया वह छात्रों के लिए विशेष लाभदायक है। प्रधानमंत्री जी क द्वारा पोषण के संबंध में जो विशेष बातें बताई गई वह भी अत्यधिक उपयोगी है।

हम सभी लोग माननीय प्रधानमंत्री जी के ह्रदय से आभारी है कि इन्होंने हमें परीक्षा के समय हाने वाले तनाव से मुक्ति हेतु बेहतर मार्ग बताए। इन्होंने अपनी समस्याओं को एक दूसरे क साथ शेयर करने का भी सुझाव दिया। इन्होंने नेतृत्व क्षमता विकसित करने के भी महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत प्राचार्य तथा शिक्षकों के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी के सुझावों पर विशेष रौशनी डाली गई तथा बच्चों को उनके विचारों के बारे में तथा सुझावों के बारे में विस्तार से समझाया गया। हम पूर्ण विश्वास है कि छात्रों को इसका लाभ मिलेगा।